# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण गर्मी और लू से निपटने की तैयारियों को लेकर की बैठक। आग से संबंधित घटनाओं को रोकने के लिये नियमित तौर पर पर्याप्त अभ्यास किये जाने के दिये निर्देश।
- प्रदेश सरकार ने लू से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये और चुनाव ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वालों को 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का लिया निर्णय।
- प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर कल सुबह से शुरू होगी मतगणना, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतगणना से संबंधित सभी तैयारियां पूरी।
- मेरठ में चलती कार में आग लगने से चार लोगों की हुई मौत। पुलिस के मुताबिक शार्ट सर्किट की वजह से हुआ हादसा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में भीषण गर्मी और लू से निपटने की तैयारियों को लेकर कल नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आग से संबंधित घटनाओं से निपटने और उन्हें रोकने के लिए पर्याप्त अभ्यास नियमित तौर पर किए जाये। अस्पतालों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बिजली सुरक्षा एवं अग्निशमन की जांच नियमित रूप से अवश्य की जानी चाहिए।

इस दौरान प्रधानमंत्री को जंगलों की आग की समय पर पहचान करने और इसके प्रबंधन से संबंधित पोर्टल वन अग्नि की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक में प्रधानमंत्री को मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के अनुसार जानकारी दी गई कि राजस्थान, गुजरात, और मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी जारी रहने की संभावना है। इस वर्ष मानसून सामान्य रहने की संभावना है और देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है जबकि प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है।

**********

प्रदेश सरकार ने लू की चपेट में आकर अपनी जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये और लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के दौरान गर्मी से जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को 15 लाख रुपये की सहायता राशि देने का निर्णय लिया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि मुआवजे के लिए मृतक व्यक्ति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट जरूरी होगी, ताकि यह पता चल सके कि व्यक्ति की मौत लू लगने के कारण हुई है। लू से किसी व्यक्ति की मौत होने के बाद उसकी सूचना तहसीलदार, एसडीएम को देना जरूरी होगा। राजस्व विभाग द्वारा ये रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी जाएगी।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अपने–अपने जिलों में लोगों को लू से बचाने की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली कटौती न हो, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था और पशुओं के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। उन्होंने गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए जगह–जगह प्याऊ लगवाने, अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था कराने के साथ ही गांवों में हैंडपम्प चालू कराने के भी निर्देश दिये।

**********

लोकसभा चुनाव की मतगणना से ठीक पहले, निजी टेलीविजन चैनलों और अन्य एजेंसियों ने मतदान के बाद कराए एग्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले गठबंधन के साढे तीन सौ से अधिक सीटें मिलने का अनुमान जताया है। विपक्षी आई.एन.डी.आई गठबंधन को एक सौ 25 से डेढ सौ तक सीट मिल सकती हैं।

चुनावी विशेषज्ञों के अनुसार पांच सौ 45 सदस्यों वाली लोकसभा में राजग को दो–तिहाई बहुमत मिल सकता है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बारे में कई प्राइवेट टीवी चैनलों और अन्य एजेंसियों के एग्जिट पोल के आंकडे खारिज कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि एग्जिट पोल पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने दोहराया कि आई.एन.डी.आई. गठबंधन को 295 सीट मिलेगी। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के महासचिव तरूण चुग ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है और पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल तथा पार्टी के नेताओं ने कल नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से एक बैठक की। बैठक में, पार्टी की मतगणना–पूर्व की रणनीति पर चर्चा की गयी।

**********

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह ने कल अयोध्या में श्रीराम लला का दर्शन–पूजन किया। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जितनी बिजली की आवश्यकता है वह दी जा रही है, जरूरत पड़ने पर, और

बिजली राज्य को दी जायेगी। भाजपा नेता और ऊर्जा मंत्री ने मतदान के बाद आये एग्जिट पोल को लेकर इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक्जिट पोल के आते ही विपक्षी गठबंधन की आवाज धीमी हो गई है। एग्जिट पोल से ज्यादा सीटें एनडीए को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। चुनाव नतीजे आने के बाद यह गठबंधन बिखर जायेगा।

**********

प्रदेश की अस्सी सीटों पर कल होने वाले लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि मतगणना सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना प्रदेश के 75 जनपदों में 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना आर ओ मुख्यालय जनपद के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी उसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतगणना की सतत निगरानी के लिए सामान्य प्रेक्षकों के साथ अतिरिक्त प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

***मतगणना के सतत दृष्टि रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रेक्षकों के अलावा अतिरिक्त प्रेक्षक नियुक्त किए हैं। हमारे यहां अस्सी लोकसीाा क्षेत्र हैं तो अस्सी सामान्य प्रेक्षक हैं लेकिन ये निर्णय लिया गया कि प्रेक्षक अधिक से अधिक तीन विधानसभाओं क्षेत्रों को देखे यानी तीन हालों में उसका माना जाना हो इसके दृष्टिगत अतिरिक्त प्रेक्षक नियुक्त किए गये और इस समय उत्तर प्रदेश में एक सौ उन्यासी प्रेक्षक हैं जो काउंटिंग पर नजर रखेंगे। पन्द्रह प्रेक्षकों को एक–एक विधानसभा क्षेत्र दिया गया है। एक सौ चार प्रेक्षकों को दो–दो विधानसभा क्षेत्र आवंटित हैं और साठ प्रेक्षक ऐसे हैं जिनको तीन–तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किए गये हैं।***

मतगणना के संबंध में कल हरदोई जिले में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई, जिसमें

जिलाधिकारी ने मतगणना के दौरान चुनाव आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना प्रक्रिया की जानकारी दी। अमरोहा में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लिया और अवश्यक दिशा–निर्देश दिये। जौनपुर और बदायूं में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने बैठक कर पेयजल और विद्युत व्यवस्था के साथ ही अन्य इंतजामों को दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

**********

मेरठ के गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर सिसौला गांव के पास एक चलती कार में कल रात को अचानक आग लग गई। जिसमें कार सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कार सवार हरिद्वार गंगा स्नान करने जा रहे थे। रात नौ बजे जब कार सवार सिसौला गांव के पास पहुंचे, तभी सीएनजी चालित कार में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। इस दौरान आसपास के लोगों ने कार सवारों को बचाने का प्रयास भी किया लेकिने सफल नहीं हुए। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ हुई बूंदाबादी से आम जनमानस को कई दिनों से चल रही भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली। गोरखपुर, देवरिया, संतकबीर नगर, महराजगंज, समेत पूर्वांचल के कुछ जिलों में सुबह बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और धूप भी निकली लेकिन उसमें ज्यादा तपिश नही महसूस की गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में रह–रह कर बादल छाएगें और कुछ जिलों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की भी संभावना है। उधर कई जनपदों में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी है। कई जिलों में अधिकतम तापमान पैतालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया। बीते चौबीस घंटे में सर्वाधिक तापमान अडतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस कानपुर में रिकार्ड किया गया।

**********